# भाकृअनुप – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
# क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल

मिसिल संख्याः नीलामी/2024–25/आर.एस.के/ दिनांकः 24.03.2025

## अल्पकालीन नीलामी सूचना

भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की तरफ से रीपर से भूसा बना कर वसूली हेतु की नीलामी/निविदा पत्र आंमत्रित करते हैं। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम संख्या | नीलामी विवरण | अग्रधन राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्बाईन द्वारा काटे गये गेहूं का रीपर द्वारा भूसा बना कर ले जाना<br>**एरिया: 155 एकड़** | रूपये 10,000/–<br>**डिमांड ड्राफ्ट** | 07.04.2025 सांय 2.50 बजे | 07.04.2025 सायं 3.15 बजे |

**नोटः** सफल निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई अग्रधन राशि को सुरक्षा में परिवर्तित कर दिया जाएगा जोकि कार्य सफलता पूर्वक सम्पूर्ण होने पर वापिस किया जाएगा अन्यथा निविदाकर्ता की अग्रधन राशि को प्रक्रिया समाप्त होने पर वापिस किया जाएगा।

उपयुक्त नीलामी लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/निर्धारित निविदा प्रारूप सीलबन्द लिफाफे में अपनी निविदा इस कार्यालय को जमा कर सकता है। सीलबंद लिफाफे पर निविदाकर्ता का नाम पता एवं मोबाइल नं के साथ निविदा जमा करने का उदेश्य भी दर्शाया जाए

**निविदा हेतु नियम व शर्तेः**

- नीलामी हेतु उपरोक्त माल का निरीक्षण प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रक्षेत्र प्रभारी से मिल कर किया जा सकता है।
- निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने अथवा निविदायों को बिना कोई कारण बताये रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते है ।
- निविदा स्वीकृत हो जाती है तो सबसे ऊंची निविदा देने वाले को निविदा की सम्पूर्ण राशि स्थल पर ही जमा करानी होगी ।
- मज़दूरी तथा परिवहन का सारा व्यय सफल निविदा दाता को ही वहन करना होगा।
- उपरोक्त माल कटाई के साथ साथ 07 दिनों के अन्दर उठाना होगां
- आग एवं बरसात से रखरखाव स्वयं करना होगा।

- निविदा खुलने के समय निविदाकर्ता स्वयं लिखित रूप में प्राधिकृत के माध्यम कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।
- सभी निविदा बन्द लिफाफे मे जमा की जाएंगी। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बाक्स अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकती है। यह सुनिश्चित भेजने पर कोई क्षति/देर के लिये यह केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा। अन्तिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
- उपरोक्त सामान केवल कार्यालय दिवस में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक उठाने की अनुमति होगी।
- निविदा दाता तथा उनके कर्मचारियों द्वारा संस्थान की सम्पति को किसी प्रकार की क्षति पंहुचाने पर इसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी।
- ठेका अवधि नीलामी की 100 प्रतिशत राशि जमा करने के साथ ही प्रारम्भ होगी।
- संस्थान द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से कम राशि प्राप्त होने की स्थिति में उस समय समिति के समक्ष ही पुनः बन्द निविदा की प्रक्रिया भी की जा सकती है।
- निविदाकारों को निविदा के साथ बयाना राशि **(EMD) रू. 10000/– अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल** के नाम का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा । किसी अन्य रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसी निविदाएँ तथा बिना बयाने कि निविदाये अस्वीकृत की जाएगी।
- बयाना राशि **(EMD) का** डिमांड ड्राफ्ट अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशित होने के बाद जारी किया जाने चाहिये । नीलामी सूचना के प्रकाशन से पहले जारी किये गए बयाना राशि के डिमांड ड्राफ्ट मान्य नहीं होगी ।
- भुगतान की विधि निविदा खुलने के उपरान्त सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा वर्णित राशि 50 प्रतिशत भुगतान नकद निविदा खुलने के दिन करना होगा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अगले कार्य दिवस में करना होगा।
- किसी भी विषय से संबंधित सर्वाधिकार भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल को सुरक्षित होगा।
- यदि कोई और शर्त हुई तो वह नीलामी के समय घोषित कर दी जायेगी।

शिव कुमार यादव
अध्यक्ष 24/03/2025

<u>फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)</u>

1 निविदा देने वाले का नाम :

2 पत्राचार का पता :

3 दूरभाष संख्या :

निविदा खुलने की तिथि एवं समयः **07.4.2025 अपराह्न 3.15 बजे**

| प्रक्षेत्र | नीलामी विवरण | रेट प्रति **एकड़** |
|---|---|---|
| भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल | कम्बाईन द्वारा काटे गये गेहूं का रीपर द्वारा भूसा बना कर ले जाना<br>**एरिया: 155 एकड़** | |

नाम ______________________________

तिथि ______________________________

मोबाईल न0 ______________________________

ईमेल ______________________________

**ठेकेदार के हस्ताक्षर** निविदाकर्ता की स्टाम्प सहित

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल
ICAR-IARI- REGIONAL STATION-KARNAL

**F.No. ICAR/IARI/RSK/17-2/2025-26/** **Dated: 24.03.2025**

सेवा में

.............................................................

.............................................................

.............................................................

महोदय

आपको सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य ठेके पर करवाना है अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपनी कुटेशन दिनांक 07.4.2025 सांय 2.50 बजे तक दें, लिफाफे पर यह साफ लिखा होना चाहिये कि कुटेशन की तिथि 07.4.2025 देय है। जिसे 07.4.2025 को सांय 3.00 बजे खोला जाएगा।

| क्रमांक | **कार्य का विवरण** | कुल क्षेत्र | कार्य की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कंबाइन द्वारा गेंहू की विभिन्न किस्मों की कटाई | 155 एकड़ | अप्रैल के तीसरे सप्ताह से शुरू |

**नोटः रेट सभी टैक्स सहित होना चाहिये। कार्य करने से पहले निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा ।**

- कम्बाईन का मॉडल 2020 से पुराना न हो और कम्बाईन अच्छी हालत में हो।
- एक किस्म की कटाई करने के बाद दूसरी किस्म की कटाई करने से पहले मशीन को पूर्ण रूप से साफ करना अनिवार्य है। यह कार्य हमारे कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा।
- कम्बाईन मशीन को अधिकारी की देखरेख के साथ ही एडजस्ट करना होगा जिससे बीज को कोई नुकसान न पहुंचे।
- कार्य अधिकारी की देखरेख में व अधिकारी की तसल्ली बख्श होना है।
- कार्य पूर्ण रूप से करना होगा।
- भुगतान कार्य की संतोषजनक समाप्ति पर ही किया जाएगा।
- निविदाकारों को निविदा के साथ धरोहर राशि **(EMD)** रू. 10000/– **अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल** (HEAD IARI REGIONAL STATION, KARNAL) के नाम का **डिमांड ड्राफ्ट** जमा करना होगा । किसी अन्य रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसी निविदाएँ तथा बिना बयाने कि निविदाये अस्वीकृत की जाएगी।
- बयाना राशि **(EMD) का डिमांड ड्राफ्ट** अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशित होने के बाद जारी किया जाने चाहिये । नीलामी सूचना के प्रकाशन से पहले जारी किये गए बयाना राशि के **डिमांड ड्राफ्ट** मान्य नहीं होगी ।

शिव कुमार यादव
24/03/2025
अध्यक्ष/Head
भाकृअनुप-भा.कृ.अ.सं., क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल-132001
ICAR-IARI, Regional Station, Karnal-132001

## फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)

1 निविदा देने वाले का नाम :

2 पत्राचार का पता :

3 दूरभाष संख्या :

निविदा खुलने की तिथि एवं समयः **07.4.2025 अपराह्न 3.00 बजे**

| प्रक्षेत्र | नीलामी विवरण | रेट प्रति एकड़ |
|---|---|---|
| भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल | कंबाइन द्वारा गेंहू की विभिन्न किस्मों की कटाई एरिया : 155 एकड़ | |

नाम ____________________

तिथि ____________________

मोबाईल न0 ____________________

ईमेल ____________________

**ठेकेदार के हस्ताक्षर** निविदाकर्ता की स्टाम्प सहित